भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2058 #

गुरूवार, 8 अगस्त, 2024/17 श्रावण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार

2058 # श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार का उद्देश्य क्या हैं;

(ख) उक्त पुरस्कार योजना के अंतर्गत किस श्रेणी के गांवों को शामिल किया जाता है;

(ग) गांवों द्वारा पुरस्कार नामांकन के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है; और

(घ) क्या अब तक किसी गांव का चुनाव सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने उन गाँवों को सम्मानित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता की शुरूआत की है जो सांस्कृतिक और प्राकृतिक परिसम्पत्तियों का संरक्षण करने, समुदाय आधारित मूल्यों तथा जीवनशैली को प्रोत्साहित करने और स्थायित्व के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण संबंधी सभी पहलुओं के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता रखने वाले पर्यटन स्थलों के उत्तम उदाहरण हैं। आवेदन निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत आमंत्रित किए गए थे:-

(i)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	विरासत
(ii)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	कृषि पर्यटन
(iii)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	शिल्प
(iv)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	जिम्मेदार पर्यटन
(v)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	वाइब्रेंट विलेज
(vi)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	एडवेंचर पर्यटन
(vii)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	समुदाय आधारित पर्यटन
(viii)	सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम	निरोगता

आवेदन https://www.rural.tourism.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत और प्रोसेस किए गए थे और जिला, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तरों पर इनका मूल्यांकन किया गया था।

वर्ष 2023 में आयोजित सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता के पहले संस्करण में कुल 35 गाँवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में मान्यता दी गई। चयनित गाँवों की सूची **अनुबंध** में दी गई है।

****

अनुबंध

श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के सम्बन्ध में दिनांक 08.08.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या **2058** के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

वर्ष 2023 में आयोजित सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में मान्यता प्राप्त गांवों की सूची।

क्र. सं.	**राज्य**	**ग्राम**	**श्रेणी**
1.	जम्मू और कश्मीर	दावर	स्वर्ण
2.	केरल	कंथलूर	स्वर्ण
3.	मध्य प्रदेश	मंडला	स्वर्ण
4.	मिजोरम	रेइक	स्वर्ण
5.	उत्तराखंड	सरमोली	स्वर्ण
6.	आंध्र प्रदेश	लेपाक्षी	रजत
7.	अरुणाचल प्रदेश	शेरगांव	रजत
8.	उत्तर प्रदेश	कुरुआना	रजत
9.	छत्तीसगढ़	सरोधदादर	रजत
10.	लद्दाख	हेमिस	रजत
11.	लक्षद्वीप	कलपेनी	रजत
12.	गुजरात	खिजड़िया	रजत
13.	ओडिशा	रघुराजपुर	रजत
14.	राजस्थान	मेनार	रजत
15.	तेलंगाना	पेमबर्थी	रजत
16.	हरियाणा	तालाव	कांस्य
17.	हिमाचल प्रदेश	छितकुल	कांस्य
18.	झारखंड	मैकलुस्कीगंज	कांस्य
19.	कर्नाटक	हम्पी	कांस्य
20.	मध्य प्रदेश	खोखरा	कांस्य
21.	महाराष्ट्र	पटगांव	कांस्य
22.	मेघालय	कोंगथोंग	कांस्य
23.	नागालैंड	डैज़ेफ़े	कांस्य
24.	पुदुचेरी	तिरुनल्लार	कांस्य
25.	पंजाब	नवांपिंड सरदारां	कांस्य
26.	राजस्थान	नौरंगाबाद -श्री महावीरजी	कांस्य

27.	सिक्किम	किताम	कांस्य
28.	तमिलनाडु	वेट्टाईकारनपुदुर	कांस्य
29.	तमिलनाडु	उल्लाड़ा	कांस्य
30.	तेलंगाना	चांदलापुर	कांस्य
31.	त्रिपुरा	विद्यासागर	कांस्य
32.	पश्चिम बंगाल	किरितेश्वरी	कांस्य
33.	असम	बिश्वनाथ घाट	कांस्य
34.	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	देवका	कांस्य
35.	गोवा	कोतिगाओ	कांस्य

****